प्रेस-नोट
थाना-कोतवाली

दिनांक – 03.11.2024

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा खोए हुये बैग (जिसमें 01 लाख 90 हजार रुपये) बरामद कर व्यक्ति को सुपुर्द किए

दिनांक 30/31.11.2024 की रात्रि में प्रार्थी श्री अनुराग श्रीवास पुत्र अशोक श्रीवास निवासी म0नं0 80 सागर गेट अन्दर थाना कोतवाली जनपद झांसी जनपद उन्नाव में सर्विस करते है, जो अपने घर झाँसी आ रहे थे। बस स्टैण्ड से टैम्पो से अपने घर सागर गेट जा रहे थे एवं मिनर्वा चौराहे पर उतरते समय अपना बैग टैम्पों में भूल गये। प्रार्थी उपरोक्त द्वारा सुबह थाना कोतवाली आकर बैग के खो जाने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी। परिवार में शादी होने के कारण बैंक से 01 लाख 90 हजार रुपये लेकर जनपद उन्नाव से झाँसी आ रहा था के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा प्रार्थी उपरोक्त का बैग व खोजने का प्रयास किया गया।

थाना कोतवाली पुलिस टीम के अथक प्रयास के बाद टैम्पो मालिक शिवम खटीक पुत्र नरेश खटीक निवासी खटिकयाना मोहल्ला थाना कोतवाली जनपद झाँसी को ढूढा गया टैम्पो मालिक उपरोक्त ने बताया कि उसने उसी रात से त्यौहार होने के कारण टैम्पो नहीं चलाया और टैम्पो को गैराज मे खड़ा किया है यदि कोई सामान छूटा है तो टैम्पो में ही होगा । टैम्पो मे जाकर देखा तो टैम्पो में बैग व रुपये बरामद हुए। जिसे प्रार्थी उपरोक्त को बैग व 01 लाख 90 हजार वापस किए गये।

बरामद करने वाली टीम-

1. उ0नि0 श्री आशीष कुमार चौकी प्रभारी मिनर्वा थाना कोतवाली जनपद झांसी ।
2. उ0नि0 श्री विवेक कुमार चौकी प्रभारी ओरछागेट थाना कोतवाली जनपद झांसी ।
3. का0 1718 रुकमंगलसिंह थाना कोतवाली जनपद झांसी ।.
4. का0 199 राजेश कुमार थाना कोतवाली जनपद झांसी ।